# न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजमेर

## परिवाद संख्या 56 / 2026

राज्य सरकार जरिये खाद्य सुरक्षा अधिकारी
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर

..........*प्रार्थी*

बनाम

1. श्री गगन टांक पुत्र श्री आनन्द प्रकाश टांक (विक्रेता), मैसर्स गगन एग्रो फूड प्रोडक्टस, 16 सूरजकुण्ड मन्दिर, मदारगेट, अजमेर।
2. श्री गगन टांक पुत्र श्री आनन्द प्रकाश टांक (मालिक), मैसर्स गगन एग्रो फूड प्रोडक्टस, 16 सूरजकुण्ड मन्दिर, मदारगेट, अजमेर।
3. मैसर्स गगन एग्रो फूड प्रोडक्टस, 16 सूरजकुण्ड मन्दिर, मदारगेट, अजमेर।

........*अप्रार्थी*

**खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा**
**26 की उप धारा (2) (II) एवं धारा 51 के तहत**

उपस्थित : अप्रार्थीगण की ओर से अप्रार्थी सं 1 श्री गगन टांक

**–: आदेश :–**

**दिनांक– 06.05.2026**

शासन उप सचिव, कार्मिक विभाग राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक प.1(2) कार्मिक / क–4 / 08 दिनांक 05.04.2012 के द्वारा खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 68 की उपधारा 1 के तहत प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए जिलो मे कार्यरत अति. जिला मजिस्ट्रेट को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत उनके अधीनस्थ कार्य क्षेत्र मे लिए न्याय निर्णयन अधिकारी नियुक्त किये जाने के फलस्वरूप खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर ने अप्रार्थी के विरूद्ध एक परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि अप्रार्थी ने अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) फीका मावा का विक्रय करके खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2 (II) का उल्लंघन किया है, जिसके फलस्वरूप खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 मे जुर्माना निर्धारित हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने परिवाद के साथ न्याय निर्णय आवेदन, हाजरी माफी, गजट नोटिफिकेशन की प्रति, कार्य क्षेत्र नोटिफिकेशन की प्रति, पदस्थापन आदेश की प्रति, मौका फर्द, प्रपत्र 5ए, कैश मीमो, प्रपत्र 6 की जमा करवाने की प्रति, विक्रेता को दिया गया नोटिस, जाँच रिपोर्ट, विक्रेता द्वारा नमूने की पुनः जाँच (द्वितीय अपील) हेतु निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत आवेदन, द्वितीय अपील की जाँच रिपोर्ट विक्रेता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज, अभियोजन स्वीकृति बाबत पत्र, अभियोजन स्वीकृत पत्र की प्रतियाँ संलग्न कर प्रस्तुत की गयी।

न्यायालय हाजा मे प्रस्तुत परिवाद के अनुसार दिनांक 10.10.2025 को 09:15 एएम पर प्राप्त शिकायत के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी घूघरा घाटी, अजमेर पर पहुँच कुछ ट्रेवर्ल्स कम्पनी की बसों के निरीक्षण हेतु पहुँचे। एक ट्रेवर्ल्स कम्पनी की बस का निरीक्षण करने पर उसकी डिक्की में मावा व अन्य खाद्य पदार्थ रखे हुए है। ड्राइवर से पूछताछ करने पर उसने सभी खाद्य पदार्थ बीकानेर से अजमेर ट्रांसपोर्ट कर लाया जाना

न्याय निर्णायक अधिकारी
सत्यमेव जयते
अजमेर

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर

तथा गगन एग्रो फूड प्रोडक्टस, 16, सूरजकुण्ड, मदारगेट, अजमेर द्वारा खरीद कर मंगवाया जाना अवगत कराया। ट्रैवल्र्स बस के ड्राइवर द्वारा श्री गगन टांक, मैसर्स गगन फूड प्रोडक्टस को दूरभाष कर सूचना दी गई तथा मौके पर बुलाया गया। मौके पर उपस्थित श्री गगन टांक ने यह समस्त खाद्य पदार्थ स्वंय द्वारा खरीदा होना बताया गया। बस की डिक्की में रखे हुए खाद्य पदार्थों को श्री आनन्द प्रकाश टांक द्वारा नीचे उतारा गया जिसमें 15–15 किलोग्राम के 02 पीपों तथा 40 किलोग्राम के एक कट्टे में 70 किलोग्राम फीका मावा रखा हुआ था।

उक्त फीका मावा में गुणवत्ता की कमी होने का शक होने पर उनमे से नमूना जॉच हेतु 01 किलोग्राम फीका मावा रू. 240/– रूपयें श्री गगन टांक को नगद देकर गवाह श्री केसरी नन्दन शर्मा के समक्ष क्रय किया जाकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मौके पर फार्म नम्बर 5ए की प्रतियां एवं फर्द रिपोर्ट तैयार करके इसकी एक प्रति अप्रार्थी श्री गगन टांक को सम्भलाकर रसीद प्राप्त की। खरीदशुदा फीका मावा को चार साफ खुली प्लास्टिक की बोतल में बराबर बराबर मात्रा में भरकर, प्रत्येक बोतल में 20–20 बूंद फार्मेलीन की डालकर एयर टाइट ढक्कन लगाकर चार नमूने तैयार कर विक्रेता के सामने लेबल लगाये। चारों नमूनों को भूरे कागज में लपेट कर एवं गोन्द से चिपकाने के पश्चात लेबल पर अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर के हस्ताक्षरशुदा स्लिप नम्बर ए–5399 चिपकाने संबंधी कार्यवाही करने के बाद लिये गये नमूनों को अपने जाप्ते मे लेने के पश्चात् कार्यालय पहुॅचकर फार्म नम्बर 6 की 6 प्रतियां तैयार करने एवं सील किये गये नमूने मे से एक नमूना फार्म संख्या 6 की प्रति के आउटर कवर में सीलबन्द कर, खाद्य विश्लेषक, खाद्य सुरक्षा मानक प्रयोगशाला अजमेर को स्वंय जमा कराकर रसीद प्राप्त की। दो फार्म नम्बर 6 की प्रति अलग से एक लिफाफे में बन्द कर चपड़ी से सील मोहर कर खाद्य विश्लेषक, खाद्य सुरक्षा मानक प्रयोगशाला अजमेर को स्वंय जमा कराकर रसीद प्राप्त की। शेष दो सील बन्द नमूना मय फार्म 6 की दो प्रतियों के आउटर कवर में सील बन्द कर तथा नमूने का चौथा भाग डीओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर को स्वयं ने जमा कराकर रसीद प्राप्त की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने परिवाद मे यह भी उल्लेख किया है कि अभिहित अधिकारी अजमेर के पत्र क्रमांक एफएसएसए/2025/8722 दिनांक 06.11.2025 के संलग्न प्राप्त खाद्य विश्लेषक अजमेर से प्राप्त जॉच रिपोर्ट सं. एलएस/1486/एक्ट/2025/1506 दिंनांक 17.10.2025 के अनुसार विक्रेता द्वारा वास्ते जॉच विक्रय किया गया फीका मावा असुरक्षित (अनसेफ) होना पाया गया। विक्रेता द्वारा नमूने की पुनः जाँच हेतु अभिहित अधिकारी के समक्ष निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित शुल्क सहित के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने पर अभिहित अधिकारी द्वारा नमूने का द्वितीय भाग जाँच हेतु रैफरल लेबोरटरी, मैसूरू को भिजवाया गया। रैफरल लेबोरटरी मैसूरू की जाँच रिपोर्ट क्रमांक 30एफ/एफएसएसए/2026 दिनांक 03.03.2026.के अनुसार विक्रेता द्वारा वास्ते जॉच विक्रय किया गया फीका मावा अवमानक (सब स्टेण्डडर्ड) होना पाया गया। इस आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने समुचित कार्यवाही किये जाने का परिवाद इस न्यायालय मे दिनांक 24.03.2026 को प्रस्तुत किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी से प्रकरण प्राप्त होने पर दिनांक 24.03.2026 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को विधिवत नोटिस जारी कर अपना पक्ष कार्यालय हाजा मे स्वयं या उनके प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत करने हेतु पाबन्द किया गया।

नियत पेशी को अप्रार्थीगण की ओर से अप्रार्थी सं 1 श्री गगन टांक ने उपस्थित होकर लिखित प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया एवं बहस का निवेदन किया। उनकी बहस सुनी गयी। अप्रार्थी ने निवेदन किया कि परिवादी द्वारा प्रस्तुत जाँच रिपोर्ट में उनकी दुकान से लिये गये फीका मावा अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) होना पाया गया। उन्होने निवेदन किया कि तत्समय नियमों की जानकारी नहीं होने के कारण उक्त फीका मावा का नमूना अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) पाया गया। उक्त फीका मावा उनके द्वारा नहीं बनाया जाता है, अन्यत्र से खरीदकर बेचा जाता है। वर्तमान मं उच्च गुणवत्ता वाले फीका मावा का उपभोग व विक्रय किया जा रहा है। भविष्य में ऐसी त्रुटि नहीं होगी। अतः न्यूनतम/कम से कम जुर्माना लगाया जाकर प्रकरण का निस्तारण करावे।

न्याय निर्णायक अधिकारी अजमेर

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर

हमने लिखित प्रत्युत्तर, पत्रावली एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दिये गये परिवाद का अवलोकन किया एवं बहस में वर्णित तथ्यों पर मनन किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किये गये परिवाद के संलग्न जाँच रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि अप्रार्थी द्वारा वास्ते नमूना जाँच हेतु विक्रय किया गया फीका मावा में Milk Fat Content of the finished product, BR Reading, RV Value of extracted fat, Baudouin Test निर्धारित मानक के अनुसार नहीं पाया गया है जो कि खाद्य सुरक्षा मानक (फूड प्रोडक्ट स्टेण्डर्ड तथा फूड एडिटिव) मानक 2011 के मानक सं 2.1.6 के विपरीत होने से उक्त फीका मावा अधिनियम की धारा 3(1)(a)(zx) के तहत अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) पाया गया है। जिसके लिए अप्रार्थी दोषी प्रतीत होता है।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि अप्रार्थीगण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2 (ii) के तहत अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) खाद्य पदार्थ बेचने का दोषी हैं। जिसके लिए उपरोक्त अधिनियम की धारा 51 में अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) खाद्य पदार्थ पाये जाने पर शास्ति आरोपित किये जाने का प्रावधान किया हुआ है। चूंकि अप्रार्थीगण द्वारा प्रथम अपराध कारित किया है, अतः अप्रार्थी को न्याय हित में इस चेतावनी के साथ उन्हें हिदायत दी जाती है कि वे भविष्य में इस प्रकार का अपराध पुनः कारित नहीं करेंगें। उपरोक्त प्रावधान को मद्देनजर रखते हुए अप्रार्थीगण को जुर्माने के दण्ड से दण्डित किया जाना उचित प्रतीत होता है। अप्रार्थी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और विनियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन करने एवं अपराध कारित होने के फलस्वरूप उक्त अधिनियम की धारा 51 के अन्तर्गत अप्रार्थीगण पर कुल रु. **5,000/– (पाँच हजार)** शास्ति आरोपित की जाती है।

अप्रार्थी उपरोक्त शास्ति राशि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर के नाम ई ग्रास चालान के माध्यम से निर्णय दिनांक 06.05.2026 के एक माह के अन्दर राजकोष में जमा कराकर रसीद प्राप्त करे।

निर्णय लिखाया जाकर आज दिनांक 06.05.2026 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

न्याय निर्णायक अधिकारी अजमेर

(ज्योति ककवानी)
न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजमेर
न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) अजमेर

क्रमांक :सरिस्ता / अपर / 2026 / 2019-24 दिनांक : 8/5/26

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं निदेशक (जन.स्वा.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान जयपुर।
2. अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी व स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर।
3. सयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वाथ्य सेवाऐं जोन अजमेर।
4. श्री गगन टांक पुत्र श्री आनन्द प्रकाश टांक (विक्रेता), मैसर्स गगन एग्रो फूड प्रोडक्टस, 16 सूरजकुण्ड मन्दिर, मदारगेट, अजमेर।
5. श्री गगन टांक पुत्र श्री आनन्द प्रकाश टांक (मालिक), मैसर्स गगन एग्रो फूड प्रोडक्टस, 16 सूरजकुण्ड मन्दिर, मदारगेट, अजमेर।
6. मैसर्स गगन एग्रो फूड प्रोडक्टस, 16 सूरजकुण्ड मन्दिर, मदारगेट, अजमेर।

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजमेर

न्याय निर्णायक अधिकारी अजमेर